हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 मां जगत जननी की भक्ति में डूबे क्षेत्रवासी,हो रहे धार्मिक आयोजन



07 नपा के प्रयास ला रहे रंग, स्वच्छता की दिशा में बदल रही सिरोंज...



खबर संक्षेप

मंडी में तीन दिन नीलामी बंद रहेगी

विदिशा। दुर्गा अष्टमी, महानवमी और दशहरा पर्व के चलते कृषि उपज मंडी में लगातार चार दिन नीलामी कार्य बंद रहेगा। इस संबंध में अनाज तिलहन व्यापारी संघ की ओर से व्यापारियों को सूचना जारी की गई है। आज सोमवार 19 अक्टूबर को नवमी और मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व का अवकाश रहेगा। बुधवार 21 अक्टूबर को मंडी द्वारा दशहरा के दूसरे दिन का अवकाश घोषित किया गया है। इसके चलते इन चारों दिनों में मंडी में नीलामी कार्य नहीं होगा। संघ से किसानों ने छुट्टी के दिनों में मंडी में उपज न लाने की अपील की है।

जिले के 7 सबस्टेशनों में 120 एमवीएआर क्षमता के कैपेसिटर बैंक संचालित

विदिशा। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने जिले के 7 अतिरिक्त उच्चदाब सबस्टेशनों में 120 एमवीएआर क्षमता के 10 कैपेसिटर बैंक संचालित किए हैं। इनमें विदिशा और गंजबासौदा के 220 केवी तथा सहरवासा, लटेरी, शमशाबाद, ग्यारसपुर और सिरोंज के 132 केवी सबस्टेशन शामिल हैं। इनसे वोल्टेज स्थिरता बनाए रखने और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति में मदद मिल रही है। प्रदेश में कुल 750 कैपेसिटर बैंक संचालित हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 9383.5 एमवीएआर है। कंपनी ने पुराने 52 कैपेसिटर बैंकों को बदलकर क्षमता में 309 एमवीएआर की वृद्धि की है।

दर्शनों के लिए बढ़ी भीड़, आज अंतिम दिन, दशहरा कल



मयूर विहार



बड़ा बाजार



विजय मंदिर मार्ग



कुम्हार गली

कोतवाली पुलिस ने धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

त्योहारों से पहले पुलिस सतर्क, छह व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

संदिग्ध गतिविधियों पर रखी जा रही नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नवरात्रि, दशहरा और आगामी त्योहारों के मद्देनजर विदिशा पुलिस ने शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र में भ्रमण और निगरानी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मिले छह व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी और नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। देवेंद्र प्रजापति, पिता सीताराम प्रजापति उम्र 25 वर्ष निवासी महानीम चौराह थाना शमशाबाद, शुभम जोशी पिता राधेलाल जोशी उम्र 29 वर्ष निवासी शनि मंदिर के पास, रोहित रैकवार पिता भवानी प्रसाद रैकवार, उम्र 21 वर्ष निवासी जतरापुरा, विदिशा, सोनू कुशवाह पिता कमल कुशवाह उम्र 27 वर्ष निवासी बरईपुरा, हसीन खान पिता गुल्लू खान उम्र 45 वर्ष निवासी रीठाफाटक, अनुराग यादव पिता कैलाश यादव उम्र 24 वर्ष, निवासी डंडापुर पर यह कार्रवाई की है। धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज सहित कोतवाली पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से त्योहारों के दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। कोतवाली टीआई आनंद राज ने आम लोगों से अपील की है कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर पुलिस को सूचित करें तत्काल एक्शन लिया जाएगा।



विदिशा। त्योहारों में लड़ाई झगड़ा और संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देने वालों पर पुलिस की पैनी नजर।

दशहरा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने लिया जायजा

विदिशा। दशहरा पर्व पर रावण दहन के आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों ने जैन कॉलेज मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की संभावित उपस्थिति को देखते हुए सुरक्षा, यातायात और आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, एएसपी मोनिका तिवारी, एसडीएम मनीष जैन, सीएसपी अतुल सिंह, सीएमओ दुर्गेश ठाकुर सहित पुलिस और रामलीला समिति के सचिव डॉ. अनिल शर्मा मौजूद रहे।

बाइक चोरी की कोशिश की कैमरा तोड़कर भागे संदिग्ध

अंतिम यात्रा में जाने वाले लोगों की गाड़ियों में चाबियां लगाकर चोरी का प्रयास, पुलिस निगरानी की मांग



विदिशा। कैमरे में कैद दोनों चोर।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मुक्तिधाम परिसर में बाइक चोरी की कोशिश करते दो संदिग्ध सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। दोनों अपने साथ चाबियां लेकर आए थे और अंतिम संस्कार में शामिल होने आए लोगों की मोटरसाइकिलों में चाबियां लगाकर उन्हें चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। कैमरे में कैद होने के बाद एक संदिग्ध ने गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया। मुक्तिधाम सेवा समिति के सचिव मनोज पांडे ने मामले की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

पांडे के मुताबिक घटना मुक्तिधाम के मुख्य प्रवेश द्वार पर हुई, जहां कुछ दिन पहले ही सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया था। दोनों संदिग्ध गेट से अंदर आए और परिसर में खड़ी मोटरसाइकिलों में चाबियां लगाकर देखने लगे। इसी दौरान एक की नजर कैमरे पर पड़ी। वह गेट के सहारे ऊपर चढ़ा और कैमरा तोड़ दिया। हालांकि कैमरा टूटकर नीचे लटक गया, जिससे घटना के दृश्य रिकॉर्ड हो गए। कार्यालय में लगे मॉनिटर पर गतिविधियां देखकर कर्मचारी बाहर पहुंचे तो दोनों संदिग्ध चरणतीर्थ मार्ग स्थित छोटे पुल की ओर भागे और वहां खड़ी अपनी बाइक से फरार हो गए।

पहले भी हो चुकी हैं चोरी की घटनाएं

पांडे ने बताया कि परिसर के मंदिरों से तांबे के दो नाग और आठ फीट से अधिक ऊंचा स्टील का त्रिशूल चोरी हो चुका है। एक बाइक का पेट्रोल भी निकाला गया था, जबकि अंतिम संस्कार मार्ग के पास से स्प्लेंडर बाइक चोरी होने की घटना भी सामने आई है। उन्होंने पुलिस से मुक्तिधाम परिसर में नियमित निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

आवक बढ़ी, दीपावली से एक दिन पहले रात में लगती है फूलों की मंडी



विदिशा। नवरात्रि को लेकर मंडी में फूलों की आवक बढ़ गई है। अभी फूलों के दाम भी कम है। रविवार को मंडी में 50 रुपए ढ़ाई से तीन किलो की फूलों से भरी पॉलीथिन बेची गई। अब फूलों की आवक पर ब्रेक लग जाएगा और दीपावली के दो दिन पहले से बाजार में फूल दिखाई देंगे और इनके दाम भी बढ़ जाएंगे। फूलों की खेती करने वाले किसानों ने बताया कि पौधों में दो से तीन बार ही अच्छी क्वालिटी के फूल लगते हैं। नवरात्र में जो फूल तोड़े जाते हैं वह बेस्ट क्वालिटी है। अब दीपावली तक फिर से गेंदे के पौधों में फूल खिलकर तैयार हो जाएंगे। मंडी के व्यापारी मनोज पोरिया ने बताया कि दीपावली के एक दिन पहले विदिशा मंडी में दूसरे शहरों से भी फूल की गाड़ियां आती हैं। सैकड़ों क्विंटलों से फूलों की बिक्री रात में ही हो जाती है। सुबह वही फूल बाजार में ठेलों पर और मोहल्लों में बेचे जाते हैं। राजनीतिक रूप से भी देखें तो शहर में आए दिन नेताओं का आगमन होता है कई बड़े कार्यक्रम होते हैं जिसमें क्विंटलों से फूलों की खपत होती है जो बाहर से मंगाए जाते हैं।

मंडी में मिले शव की पहचान हुई, मृतक के दोनों पैर नहीं थे, व्हीलचेयर पर चलता था, तबीयत थी खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बरईपुरा की पुरानी कृषि उपज मंडी में एक दिन पहले मृत मिले व्यक्ति की पहचान लोहांगी मोहल्ला निवासी पवन अहिरवार (पिता नारायण अहिरवार) के रूप में हुई है।

वह दोनों पैरों से दिव्यांग था और व्हीलचेयर के सहारे रहता था। परिजनों के अनुसार वह ज्यादातर समय मंडी परिसर में बिताता था और उसकी तबीयत भी खराब रहती थी। पुलिस ने शव जिला अस्पताल पहुंचाया है, जहां पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। जानकारी के अनुसार पुरानी गल्ला मंडी में मंदिर के पास एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए गए, जिसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे और उसकी पहचान पवन अहिरवार के रूप में की।



पोस्टमार्टम से स्पष्ट होगा मौत का कारण

कोतवाली थाने के एएसआई अनिल कुमार यादव के अनुसार, मृतक की पहचान पवन अहिरवार, पिता नारायण अहिरवार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

हादसे में खराब हो गए थे दोनों पैर

परिजनों के मुताबिक, कुछ साल पहले हुए हादसे में पवन के दोनों पैर खराब हो गए थे। इसके बाद वह व्हीलचेयर के सहारे रहता था। परिवार ने उसे व्हीलचेयर दी थी। वह अक्सर मंडी परिसर में ही समय बिताता था। पवन अविवाहित था और उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका था। घटना की जानकारी मिलने पर उसकी मौसी और मौसेरा भाई जिला अस्पताल पहुंचे।

बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो करेंगे चक्काजाम

किसान कांग्रेस ने दी चेतावनी: अघोषित बिजली कटौती, खाद संकट, सोयाबीन मुआवजा को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती, खाद की कमी, सोयाबीन फसल का मुआवजा और बीमा राशि नहीं मिलने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर रविवार को किसान कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र सिंह किरार के नेतृत्व में विशाल धरना-प्रदर्शन किया।

इसमें किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विनीत दांगी प्रमुख रूप से शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर आंदोलन तेज करने और चक्काजाम की चेतावनी दी। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि अटारी खेजड़ा सहित आसपास के गांवों में कई महीनों से अघोषित बिजली कटौती हो रही है। खेती के महत्वपूर्ण समय में पलेवा और सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने निर्धारित समय पर नियमित बिजली आपूर्ति और खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा सोयाबीन की खराब फसल का सर्वे कराकर पात्र किसानों को मुआवजा और फसल बीमा राशि दिलाने की मांग उठाई गई। ग्राम दहलवाड़ा में नलजल योजना में कथित अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया गया। ग्रामीणों ने योजना की जांच कराने, जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने और नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। जिला अध्यक्ष विनीत दांगी और विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र सिंह किरार ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने चेतावनी दी कि बिजली कटौती बंद कर नियमित आपूर्ति शुरू नहीं की गई और अन्य समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसानों एवं ग्रामीणों के साथ चक्काजाम किया जाएगा। प्रदर्शन में नीलम रघुवंशी, बबलू रघुवंशी, अरुण शर्मा, जुझार सिंह रघुवंशी, संतोष गुर्जर सहित किसान कांग्रेस के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



विदिशा। ज्ञापन देकर किसान कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी।

महाराणा प्रताप कॉलेज में कैरियर गाइडेंस सेमिनार आयोजित

मेधावी छात्रों का सम्मान, अनुशासन और मेहनत के साथ लक्ष्य हासिल करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दुर्गानगर स्थित महाराणा प्रताप कॉलेज में सत्र 2026-27 में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं कैरियर गाइडेंस सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी मनोज कटारे तथा



कॉलेज संचालक यशवंत प्रताप सिंह राठौड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। मोनिका तिवारी ने नशे से दूर रहकर नागरिक कर्तव्यों का पालन करने पर जोर दिया। मनोज कटारे ने सफल व्यक्तियों से प्रेरणा लेने की बात कही। बीएससी, बीकॉम, बीए, बीबीए, पीजीडीसीए और डीसीए सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सहायक प्राध्यापक कान्हा शर्मा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, गायन और भाषण प्रस्तुत किए। क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य अंजना सिंह ने अतिथियों, विद्यार्थियों और स्टाफ का आभार जताया। संचालन युवा कवि सुमित सिंह ने किया।

9 से अधिक वर्षों से महलघाट पर श्रमदान और घाट शुद्धिकरण चल रहा

बेतवा शुद्धिकरण के लिए महलघाट पर फाउंटेन लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

महलघाट सेवा समिति के सदस्यों ने स्वयं के व्यय पर बेतवा तट महलघाट नदी में एक फाउंटेन स्थापित किया है।

महलघाट सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि, बेतवा नदी की धार टूटने और चोरघाट के नाले से लगातार गंदगी जमा होने के कारण नदी का पानी पूरी तरह से खराब हो गया है और पानी में ऑक्सीजन की कमी होने से मछलियां भी मरने लगी हैं। इसी समस्या को दूर करने हेतु महल घाट सेवा समिति के



सचिव करण राजपूत ने फाउंटेन विशेषज्ञ मनीष गौतम से संपर्क कर महलघाट नदी पर एक तीन हॉर्स पावर की मोटर के साथ फाउंटेन स्थापित किया, जिससे नदी के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाएगी और पानी साफ होगा। साथ ही मछलियों को भी नया जीवन मिल सकेगा। महल घाट सेवा समिति ने इस अभिनव प्रयोग को करके जिला प्रशासन और नगरपालिका प्रशासन के सामने एक मिशाल पेश की है, कि अगर इसी तरह से नदी घाटों पर बड़े-बड़े फाउंटेन लगा दिए जाएं तो पानी में शुद्धता बनी रहेगी और नदी त्यौहार पर पानी शुद्ध रूप में हमको मिल सकेगा। इस कार्य में मुख्य रूप से संतोष नेमा,सोनू चक्रवर्ती, सुरेंद्र शर्मा, सचिन सक्सेना,आशु राजपुरोहित, धर्मेंद्र,अर्पित, कार्तिक, निलेश राजपूत, आदित्य वीर,अंकित, राजा,लकी,देवेंद्र साहू, मुन्ना नेमा आदि का विशेष योगदान रहा।

खबर संक्षेप

शाम के समय लगा जाम

गंजबासौदा। नगर के सबसे व्यवस्थत पचमा बायपास मार्ग पर रविवार को शाम के समय भारी वाहनों के फंस जाने से जाम लग गया। जिसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में देर तक दो पहिया, चार पहिया सहित अन्य वाहन चालक फंसे रहे। जाम लगने की सूचना मिलने पर यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को हटवाया तब कहीं जाकर यातायात शुरु हुआ।

551 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकली



गंजबासौदा। रविवार को शाम के समय नगर में 551 फीट की चुनरी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित नौलखी मंदिर से शुरू होकर महाकाली बालाजी दरबार पहुंची। यहां माता काली को 551 फीट की चुनरी भेंट की गई। आयोजन समिति के अमन सोनी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर यह यात्रा निकाली गई। जो नगर के नेहरू चौक, अंबेडकर चौक और जय स्तंभ चौक होते हुए सिटी मार्ग से गुजरी। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने हाथों में चुनरी पकड़े चल रही थीं। आगे डीजे पर भक्ति भजनों पर युवा नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा के आखिर में घोड़े के रथ पर महाकाली की फोटो की झांकी सजाई गई थी, जो आकर्षण का केंद्र रही। नगर के मुख्य मार्ग से निकली इस चुनरी यात्रा का कई जगहों पर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया गया। चुनरी यात्रा में दर्जनों की संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद रहे।



गंजबासौदा। पचमा बायपास मार्ग पर लगी मां दुर्गा की झांकी



गंजबासौदा। ब्लॉक ऑफिस के पास लगी मां अम्बे की सुंदर झांकी



गंजबासौदा। बैदनखेड़ी क्षेत्र में लगी पुल और गुफा वाली झांकी



गंजबासौदा। जवाहर मार्ग पर लगी मां काली की विशाल एवं सुंदर झांकी

यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित करने मार्ग रहेगा डायवर्ट

मां जगत जननी की भक्ति में डूबे क्षेत्रवासी,हो रहे धार्मिक आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवरात्रि के पावन पर्व पर नगरवासी पूरी तरह माता रानी की भक्ति और आराधना में डूबे हुए हैं। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं, जहां मां दुर्गा के विविध स्वरूपों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इसी क्रम में नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित चक स्वरूप नगर में मां वैष्णो ग्रुप उत्सव समिति द्वारा निर्मित लगभग 300 फीट लंबी भव्य भूतिया गुफा श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। गुफा में भक्ति, अद्भुत सजावट और रोमांच का अनूठा संगम है। इस गुफा में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को तालाब और उस पर बना सुंदर पुल आकर्षित करता है। आगे बढ़ने पर पहाड़ों के बीच बांसुरी बजाते स्वरूप के दर्शन होते हैं। इसके बाद श्रद्धालुओं को शेर पर सवार मां भवानी के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने का अवसर मिलता है। गुफा में भूत-प्रेत के वेश में कलाकार श्रद्धालुओं को चौंकाते रहते हैं। कुछ इसी तरह की झांकी पंचवीर इंद्रानगर में और जालौरी गार्डन के पीछे भी लगाई गई है। वहां भी गुफाओं में कलाकारों के डरावने अभिनय से वातावरण में रोमांच पैदा होता है। वहीं बैदनखेडी में गुफा के साथ बांस के पुल पर से होकर श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर रहे हैं। इस तरह माता रानी के दर्शन के साथ बच्चों और परिवारों के लिए भी मनोरंजन का विशेष आकर्षण देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के दौरान क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।



प्रतिमा विसर्जन के दौरान यातायात रहेगा डायवर्ट

गंजबासौदा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बेतवा नदी के गंज पुल पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दिनांक 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 21 अक्टूबर दोपहर 12 बजे तक यातायात डायवर्सन व्यवस्था लागू रहेगी। जिसमें सिरोंज से गंज बासौदा आने वाले सभी वाहन गुरोद–बर्री घाट मार्ग से होकर गंज बासौदा में प्रवेश करेंगे। वहीं गंज बासौदा से अंबानगर, सिरोंज की ओर जाने वाले सभी वाहन बर्रीघाट गुरोद मार्ग का उपयोग करेंगे। प्रशासन ने नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने एवं असुविधा से बचने के लिए निर्धारित परिवर्तित मार्गों का उपयोग करें और प्रशासन एवं यातायात पुलिस का सहयोग करें।



गंजबासौदा। पुराना बस स्टैंड पर लगी मां जगत जननी की सुंदर झांकी



गंजबासौदा। स्वरुपनगर क्षेत्र में विराजी मां अम्बे की मनोहारी झांकी

जनसहयोग, मेहनत से शाला को बनाया सर्वसुविधा युक्त



गंजबासौदा। आम तौर पर देखा गया है कि जब कोई शिक्षक संगठन में पदाधिकारी होता है जन प्रतिनिधियों, अधिकारियो से संबध होते हैं तो वह शाला और छात्रो की जवाबदारी नही निभाता और स्थिति यह रहती है कि शिक्षक नेता की शाला और छात्र अन्य शालाओं की अपेक्षा हर क्षेत्र मे पिछड़े रहते हैं। लेकिन इस बात को शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार के प्रधानाध्यापक प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने गलत साबित कर दिया है। रघुवंशी शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं जिसके चलते वह शिक्षकों की समस्याओं को जिले में सर्वप्रथम उठाते हैं। रघुवंशी की शाला और छात्रों की स्थिति अनुकरणीय हैं। शिक्षकों, छात्रों, रसोईयों के लिए ड्रेस कोड एवं बैज, प्रार्थना एवं कार्यक्रमों के लिए साउण्ड, शीतल और साफ पेयजल के लिए आरो, वाटरकूलर, मीनू अनुसार भोजन के लिए डायनिंग, शिक्षाध्यन के लिए स्टील का फर्नीचर, छात्रों के मनोरंजन के लिए झूला, रिसक पट्टी और अन्य सामग्री, शिक्षाध्यन के लिए प्रोजक्टर, एलसीडी, डिजीटल स्मार्ट बोर्ड, सभी कक्षो मे पंखे, कूलर, छात्रों को सीखने के लिए कम्प्यूटर, आकर्षक लाइब्रेरी, सुरक्षा के लिए कैमरे, ऑफिस से संचालन के लिए हर रूम में साउण्ड, संगीत सामग्री उपलब्ध है। शाला प्रभारी द्वारा जन सहयोग से छात्रों को उचित शिक्षा, अनुशासन ,सम्पूर्ण शाला में टाइल्स, पुट्टी, कलर और कक्षानुसार पेंटिग एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। यह सब प्रधानाध्यापक प्रथ्वी सिंह रघुवंशी के विशेष प्रयासों, विधायक हरीसिंह रघुवंशी का विशेष सहयोग एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, अधिकारियों, शिक्षकों और शाला स्टॉफ के सहयोग से संभव हुआ है।

नगर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



गंजबासौदा। पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के और एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में नवरात्रि उत्सव एवं दशहरा पर्व को ध्यान में रखते हुए रविवार की शाम नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें शहर थाना एवं देहात थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से नगर में मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। एसपी रोहित कासवानी द्वारा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल गंज घाट का भी निरीक्षण करते हुए दिशा निर्देश दिए गए।

एक साल में तीन बार उखड़ी डामर की परत



गंजबासौदा। ग्राम झिरिया से किरवाया जाने वाली करीब 3 किलोमीटर लंबी डामर सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के महज एक साल के भीतर ही यह तीन बार उखड़ चुकी है। सड़क पर जगह-जगह डामर गायब हो गया है और गिट्टी बाहर निकल आई है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके चलते बार-बार सड़क की परत उखड़ रही है। सड़क पर बिखरी गिट्टी के कारण दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो रहे हैं। वहीं वाहनों के टायर पंचर होने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इस मार्ग से रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया। सड़क की लगातार बिगड़ती हालत से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने और सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द कराने की मांग की है। ग्राम के प्रवीण अहिरवार, रामकृष्ण पंथी और महेश राजपूत का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत कराकर उसे दुरुस्त नहीं किया गया, तो ग्रामीण धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि सड़क निर्माण की जांच कराकर जिम्मेदारों पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।



गंजबासौदा। एकता चौक पर लगी मां दुर्गा की आकर्षक झांकी

बंदर से बाइक टकराने से चालक घायल

गंजबासौदा। गंजबासौदा से त्योंदा जाने वाले मार्ग पर रविवार को शाम के समय पील पहाड़ी के पास एक बाइक बंदर से टकरा गई। जिसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में चालक संतोष कुमार घायल हो गए, उन्हें सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने घायल संतोष को सड़क किनारे खून से लथपथ देखा, संतोष उदयपुर से राहतगढ़ जा रहे थे। पील पहाड़ी के पास सड़क पर अचानक बंदरों का झुंड आ गया, जिससे एक बंदर उनकी बाइक से टकरा गया। ज्ञात हो कि यहां घना जंगल होने के कारण कई लोग सड़क किनारे बंदरों को केला-चना खिलाते हैं। इससे बंदर अक्सर सड़क पर आ जाते हैं, पहले भी यहां ऐसे हादसे हो चुके हैं। स्थानीय लोगों और अन्य वाहन चालकों ने घायल संतोष को इलाज के लिए त्योंदा अस्पताल भेजा जहां उनका उपचार जारी है।



मां बेतवा के लिए एकजुट हुआ समाज

श्रमदानियों ने गंज पुल के पास चलाया स्वच्छता अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

माँ बेतवा की स्वच्छता और संरक्षण के संकल्प के साथ श्रमदान दल द्वारा संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 6.0 के चतुर्थ चरण में रविवार को गंज पुल से नदी स्वच्छता अभियान का आगाज हुआ, जिसका समापन रिपटा घाट पर किया गया। अभियान में फीडबैक फाउंडेशन, नगर पालिका परिषद, पुलिस विभाग, अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों सहित नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मनोज यादव और विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक हस्तियों ने मिलकर श्रमदान किया और नदी संरक्षण के सामूहिक संकल्प को मजबूती प्रदान की। माँ बेतवा की स्वच्छता किसी एक संगठन की जिम्मेदारी नहीं, पूरे समाज का दायित्व है। इसी संदेश के साथ श्रमदान दल के सदस्यों और सहयोगियों ने नदी एवं घाटों की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। विभिन्न संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी ने यह संदेश दिया कि नदी संरक्षण के लिए समाज के हर वर्ग को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। पुलिस विभाग की ओर से एसडीओपी शिखा भलावी के नेतृत्व में थाना प्रभारी एवं पुलिस कर्मियों ने सहभागिता की।

वहीं नगर पालिका परिषद एवं फीडबैक फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भी श्रमदान दल के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में योगदान दिया। अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता ने अभियान को व्यापक सामाजिक समर्थन प्रदान किया। श्रमदान दल ने नागरिकों से अपील की कि पूजन सामग्री, प्लास्टिक, पुराने कपड़े, जूते-चप्पल और अन्य अपशिष्ट नदी में प्रवाहित करने के बजाय उनका उचित निस्तारण करें। नदी को स्वच्छ रखना केवल अभियान के दौरान श्रमदान करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे प्रत्येक नागरिक की दैनिक आदत और सामूहिक जिम्मेदारी बनाना होगा।

नशामुक्त भारत अभियान के तहत हनुमान चालीसा पाठ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भक्ति की निरंतरता, आस्था की शक्ति और समाज को नशे के दुष्चक्र से बाहर निकालने का संकल्प, इन्हीं उद्देश्यों के साथ हिन्दू चेतना सेवा समिति मंडल द्वारा आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का 151 वां चरण शांति सदन कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जारी इस धार्मिक सामाजिक पहल में हनुमान चालीसा के स्वर केवल आराधना तक सीमित नहीं रहे, बल्कि समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करने का संदेश भी देते रहे। नशा आज अनेक परिवारों की खुशियां छीन रहा है। इसकी गिरफ्त में आकर व्यक्ति न केवल अपना स्वास्थ्य बिगाड़ता है, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में नशे के खिलाफ जागरूकता और जनभागीदारी समय की आवश्यकता है। समिति द्वारा हनुमान चालीसा पाठ को नशामुक्त भारत अभियान से जोड़ना इसी सामाजिक जिम्मेदारी का परिचायक है। धार्मिक आस्था के माध्यम से लोगों को सदाचार, संयम और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य है। हनुमान चालीसा पाठ के 151 चरण पूरे होना समिति की निरंतर सक्रियता का प्रमाण है। यह पहल संदेश देती है कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए केवल बातें नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास जरूरी हैं। समिति का यह अभियान भक्ति के माध्यम से जनचेतना जगाने और नशामुक्त समाज की दिशा में लोगों को प्रेरित करने का प्रयास है। इसका संदेश स्पष्ट है आस्था को आचरण में उतारें, नशे से नाता तोड़ें और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागी बनें।

वार्ड क्रमांक 3 में वर्षों से उपेक्षित स्थान का हुआ कायाकल्प

नपा के प्रयास ला रहे रंग, स्वच्छता की दिशा में बदल रही सिरोंज की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर पालिका परिषद सिरोंज द्वारा किए जा रहे प्रयास अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं। स्वच्छ सिरोंज के संकल्प को साकार करने की दिशा में नगर पालिका द्वारा ऐसे स्थानों को चिन्हित कर विशेष पहल की जा रही है, जहां लंबे समय से गंदगी और कचरा फेंकने की समस्या बनी हुई थी। इसी क्रम में नगर के वार्ड क्रमांक 3 में बीआरसी कार्यालय के समीप वर्षों से उपेक्षित पड़े स्थान का कायाकल्प करने की पहल की गई है। कभी कचरा फेंकने और गंदगी फैलाने के लिए पहचाने जाने वाले इस स्थान को अब सफाई लक्ष्य इकाई (सीटीयू) के रूप में विकसित कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इस स्थान पर आसपास के रहवासियों और राहगीरों द्वारा लंबे समय से कचरा फेंका जाता था। बार-बार सफाई के बावजूद यहां गंदगी जमा होने की समस्या बनी रहती थी। ऐसे में नगर पालिका ने केवल सफाई कराकर जिम्मेदारी पूरी करने के बजाय समस्या की जड़ तक पहुंचने और लोगों की आदतों में बदलाव लाने की दिशा में कदम उठाया। इसके तहत चिन्हित स्थान पर एक कर्मचारी की नियमित तैनाती की गई है, ताकि कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके।



रंग-रोगन और संदेशों से बदली स्थान की तस्वीर

नगर पालिका द्वारा इस स्थान के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। यहां आकर्षक रंग-रोगन कराने के साथ स्वच्छता से जुड़े स्लोगन और जागरूकता संदेश लिखवाए गए हैं। इसका उद्देश्य केवल स्थान को सुंदर बनाना ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के लिए प्रेरित करना है। अब यह स्थान लोगों को गंदगी फैलाने के बजाय स्वच्छता अपनाने का संदेश दे रहा है।

अध्यक्ष मनमोहन साहू का संकल्प, अपना शहर सुंदर और स्वच्छ रहे

नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ने शहर की स्वच्छता और सुंदरता को प्राथमिकता देते हुए कहा कि सिरोंज हमारा अपना शहर है और इसे स्वच्छ, सुंदर तथा व्यवस्थित बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। शहर की पहचान उसकी साफ-सफाई, सुंदर वातावरण और नागरिकों की जागरूकता से बनती है। नगर पालिका का प्रयास है कि शहर के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो और कहीं भी अनावश्यक रूप से कचरा जमा न हो। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों और दुकानों का कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें तथा सड़कों, खाली स्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं। नगर पालिका द्वारा किए जा रहे प्रयास तभी पूरी तरह सफल होंगे, जब नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सिरोंज को ऐसा स्वच्छ और सुंदर शहर बनाना है, जिस पर यहां के प्रत्येक नागरिक को गर्व हो।

उपाध्यक्ष मनोज शर्मा ने स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ने पर दिया जोर

नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज शर्मा ने स्वच्छता को शहर के विकास और बेहतर नागरिक जीवन का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि साफ-सुथरा वातावरण न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाता है, बल्कि लोगों में सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करता है। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा डालने की आदत को बदलना जरूरी है। इसके लिए जागरूकता के साथ-साथ नियमित निगरानी और नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि शहर के ऐसे स्थानों को चिन्हित कर उनका सुधार किया जाए, जहां लंबे समय से गंदगी की समस्या बनी हुई है। वार्ड क्रमांक 3 में की गई पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान को केवल नगर पालिका का कार्यक्रम न समझें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति सजग होगा, तभी स्वच्छ सिरोंज का सपना साकार होगा।

सीएमओ के मार्गदर्शन में हो रहे प्रयास

नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू और उपाध्यक्ष मनोज शर्मा के निर्देशन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू के मार्गदर्शन में नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। सीटीयू के रूप में स्थान को चिन्हित करना, कर्मचारी की नियमित तैनाती करना और सौंदर्यीकरण के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देना इसी पहल का हिस्सा है। नगर पालिका की यह कोशिश शहरवासियों को संदेश देती है कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि अच्छी आदत और सामूहिक जिम्मेदारी है।

कुढ़का खेड़ा की घटना के बाद भी नहीं चेता विभाग

खेतों के ऊपर झूलते बिजली के तार बन रहे किसानों की जान के दुश्मन

कई बार शिकायत के बावजूद वर्षों से समस्या बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज क्षेत्र के ग्राम कुढ़का खेड़ा में बिजली के तारों की चपेट में आने से एक युवा किसान की दर्दनाक मौत की घटना ने पूरे क्षेत्र में किसानों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेतों में नीचे लटकते बिजली के तार किसानों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इसके बावजूद विद्युत विभाग की लापरवाही और उदासीनता के कारण कई स्थानों पर वर्षों से यह समस्या बनी हुई है। किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि खेतों में काम करने वाले किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना विद्युत विभाग की जिम्मेदारी है। सिरोंज क्षेत्र में अनेक स्थानों पर बिजली के तार इतने नीचे लटक रहे हैं कि ट्रैक्टर, थ्रेशर और हार्वेस्टर जैसी कृषि मशीनों के टकराने का खतरा लगातार बना रहता है। फसल की कटाई और बुवाई के दौरान ऐसी स्थिति किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। किसान नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने विशेष रूप से सिरोंज के बासौदा रोड स्थित 132 केवी सब स्टेशन के पास खेतों की समस्या उठाते हुए बताया कि वहां बिजली के खंभों से जुड़े तार कई स्थानों पर जमीन से महज पांच फीट की ऊंचाई पर लटक रहे हैं। इससे किसानों को कृषि कार्य करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

समस्या का समाधान नहीं



किसानों द्वारा कई बार विद्युत विभाग सिरोंज को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है और स्थिति वर्षों से जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि खेतों में नीचे लटकते बिजली के तार केवल करंट लगने से जनहानि का खतरा ही नहीं बढ़ाते, बल्कि फसल के समय आग लगने की आशंका भी पैदा करते हैं। क्षेत्र में पहले भी खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे में विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय तत्काल सुरक्षा संबंधी सुधार कार्य करना चाहिए। वही उन्होने विद्युत विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि कुढ़का खेड़ा जैसी दर्दनाक घटना के बाद भी यदि विभाग नहीं जागता है, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण होगा। उन्होंने मध्य प्रदेश विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की कि सिरोंज क्षेत्र में खेतों के ऊपर लटक रहे सभी खतरनाक बिजली के तारों का तत्काल सर्वे कराया जाए, बासौदा रोड स्थित 132 केवी सब स्टेशन के आसपास तारों को निर्धारित सुरक्षित ऊंचाई पर किया जाए और जहां भी तकनीकी खामी है, उसे प्राथमिकता से दूर किया जाए। श्री रघुवंशी ने स्पष्ट कहा कि किसानों की जान और सुरक्षा से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। विद्युत विभाग तत्काल कार्रवाई कर किसानों को सुरक्षित कृषि कार्य करने का वातावरण उपलब्ध कराए। यदि शिकायतों के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं किया गया, तो किसानों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

सिरोंज रंगमंच गरबा महोत्सव 5.0 में उमड़ा जनसैलाब

युवा समाजसेवी आहान जैन सैनानी का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



जगतजननी महामाई मैया की पावन नगरी सिरोंज में आयोजित सिरोंज रंगमंच गरबा महोत्सव 5.0 भव्यता, उत्साह और शानदार व्यवस्थाओं के चलते यादगार बन गया। महोत्सव में बड़ी संख्या में नगरवासियों की सहभागिता देखने को मिली। आकर्षक साज-सज्जा, शानदार साउंड व्यवस्था, मनमोहक गरबा प्रस्तुतियों और प्रतिभागियों के उत्साह ने पूरे आयोजन स्थल को भक्तिमय एवं गरबामय माहौल से सराबोर कर दिया। महोत्सव के दौरान बच्चों, युवाओं, महिलाओं और परिवारों सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। गरबा की थाप पर थिरकते प्रतिभागियों और दर्शकों के उत्साह ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। आयोजन की भव्यता और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं ने उपस्थित नागरिकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुंबई की सुप्रसिद्ध बॉलीवुड एंकर सपना राठौर, बुंदेलखंड की लोकप्रिय गायिका कविता शर्मा तथा प्रसिद्ध बाल कलाकार सात्विक शर्मा की विशेष उपस्थिति ने महोत्सव के आकर्षण को और बढ़ाया।

विशेष उत्साह देखने को मिला

इन विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी से आयोजन में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर नगर के युवा समाजसेवी आहान जैन सैनानी को समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उनके सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए सम्मान के माध्यम से समाजसेवा के प्रति उनके योगदान को प्रोत्साहित किया गया। सिरोंज रंगमंच गरबा महोत्सव 5.0 ने न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव की छटा बिखेरी, बल्कि नगरवासियों को एक मंच पर एकत्रित होकर आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता के साथ उत्सव मनाने का अवसर भी प्रदान किया। इस भव्य आयोजन ने सिरोंज में सामूहिक गरबा की परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए नगर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत किया। उत्साहपूर्ण माहौल और यादगार प्रस्तुतियों के साथ यह महोत्सव नगरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लिया धर्म

महाविद्यालय में शस्त्र पूजन के साथ गूंजा नारी शक्ति का जयघोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं मातृशक्ति के तत्वावधान में स्थानीय महाविद्यालय में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धर्म, संस्कृति, नारी शक्ति, आत्मरक्षा और संगठन की एकजुटता का संदेश दिया गया।

इस दौरान मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए साहस,शौर्य और संस्कारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृशक्ति विभाग संयोजिका ज्योति वर्मा ने देवी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी शक्ति भारतीय संस्कृति की आधारशिला है। उन्होंने



महिलाओं से साहस, आत्मविश्वास और संस्कारों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। वहीं, जिला संयोजिका चारु सोनी ने मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और समाजहित के कार्यों में आगे आने पर जोर दिया। शक्ति प्रखंड संयोजिका डॉ. राजकुमारी दुबे ने कहा कि जागरूक, संगठित और आत्मविश्वास से परिपूर्ण मातृशक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने आपसी सहयोग, एकता और संगठन की भावना को मजबूत बनाने का आह्वान किया। शस्त्र पूजन के माध्यम से साहस, शौर्य, आत्मरक्षा और धर्म के प्रति कर्तव्यबोध का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मातृशक्ति को सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए आगे आने की प्रेरणा दी। आयोजन का मुख्य संदेश रहा कि जागरूक, संगठित और संस्कारवान मातृशक्ति ही सशक्त समाज की आधारशिला है।

नेशनल हाईवे-146 पर सड़क हादसा कार की टक्कर से दो युवक गंभीर

टक्कर मारकर चालक फरार, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर



थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-146 पर मणिपुर ढाबे के पास एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए, जिन्हें 1033 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार किया।

मिली जानकारी के अनुसार, घायलों की पहचान मनोज धानक (26 वर्ष) और विनोद धानक (32 वर्ष), दोनों पुत्र घनश्याम धानक, निवासी मढ़ीपुर के रूप में बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही 1033 एंबुलेंस के ईएमटी मोहन अहिरवार और पायलट खिलान लोधी मौके पर पहुंचे तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची ग्यारसपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

माता हरसिद्धि मंदिर परिसर में देर रात तक गूंजे भक्ति और संगीत के सुर

सागर। नवरात्रि के पावन पर्व पर लोकप्रिय दुर्गा उत्सव समिति बण्डा के तत्वावधान में शनिवार, 17 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 6 स्थित माता हरसिद्धि मंदिर परिसर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी गायकी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। कार्यक्रम समिति अध्यक्ष एवं समन्वयक एडवोकेट पुष्पेन्द्र अहिरवार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि जिला अधिवक्ता संघ सागर के अध्यक्ष डॉ. अंकलेश्वर दुबे (अन्नी), विशिष्ट अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर बण्डा के अध्यक्ष एडवोकेट श्यामकिशोर नामदेव तथा विशेष अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश रोशन खरे उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. अभय कुमार ने किया। सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप के माध्यम से गायक रुचि सोनी, एडवोकेट कमल रोहितास, एडवोकेट हेमंत तोमर और राम रावत सहित अन्य कलाकारों ने अपनी



प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मधुर गायन और शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम समन्वयक एडवोकेट पुष्पेन्द्र अहिरवार ने कहा कि सांस्कृतिक आयोजन हमारी लोक परंपराओं, कला और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम हैं। नवरात्रि के अवसर पर इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना बढ़ाने के साथ आपसी भाईचारे और सद्भाव को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर एडवोकेट आशीष अहिरवार, हिमांशु लारिया, शिक्षक पूरनलाल अहिरवार, पार्षद प्रतिनिधि उमेश अहिरवार, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष नितिन वाल्मीकि, अरविंद महदेले और भागवत प्रसाद अहिरवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय रहली का शानदार प्रदर्शन

रहली। छतरपुर में 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित 70वीं संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शासकीय सांदीपनि विद्यालय रहली के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया। 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आगामी माह छतरपुर में आयोजित होगी। बालक वर्ग में आदित्य नामदेव ने 400 मीटर दौड़ और 4×400 मीटर रिले, दीपू नामदेव ने ऊंची कूद, रामरतन बंसल ने लंबी कूद व 100 मीटर दौड़ तथा वेदांश तिवारी ने तवा फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमित लोधी 3000 मीटर दौड़ में द्वितीय और प्रशांत प्रजापति क्रॉस कंट्री में तृतीय रहे। अमित अहिरवार और सूरज राजपूत ने सेपक टाकरा में भाग लिया। बालिका वर्ग में निशा पटेल ने 80 मीटर बाधा दौड़ और तवा फेंक में प्रथम तथा ऊंची कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रक्षा गौंड ने 200 मीटर दौड़ और दोनों रिले स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। भूमिका साहू ने 4×100 मीटर रिले में प्रथम और लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वैष्णवी राजपूत ने 400 मीटर दौड़ और 4×100 मीटर रिले, जबकि रुकसार खान ने दोनों रिले स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। खुशी सेन ने 3000 मीटर पैदल चाल और 1500 मीटर दौड़ में सहभागिता की।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा गया कि उनका प्रदर्शन अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।



पवित्रता और सद्गुणों से अपने विकारों पर विजय पाना ही नवरात्रि का सच्चा संदेश



विदिशा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शारदीय नवरात्रि के अवसर पर चैतन्य देवी झांकी का भव्य आयोजन किया गया। इसमें देवियों के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हुए। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनों ने पवित्रता, आत्मिक शक्ति और सद्गुणों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि जिस प्रकार मां दुर्गा ने शक्ति प्राप्त कर आसुरी शक्तियों पर विजय हासिल की, उसी प्रकार मनुष्य भी परमपिता परमात्मा शिव द्वारा सिखाए गए राजयोग का अभ्यास कर अपने विकारों पर विजय प्राप्त कर सकता है। दुर्गा, गायत्री, उमा, संतोषी, काली और लक्ष्मी के विभिन्न स्वरूप जीवन में शांति, संतुष्टि, उत्साह और ज्ञान जैसे गुण धारण करने की प्रेरणा देते हैं। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि मातृशक्ति ने हमेशा समाज को संबल और नई दिशा दी है। आज काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकार समाज के लिए चुनौती हैं। पवित्रता की शक्ति और श्रेष्ठ संकल्पों से इन विकारों को समाप्त कर श्रेष्ठ समाज की स्थापना की जा सकती है। नंदनी दीदी ने उपस्थित जनसमूह को राजयोग का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में असीम गुण और शक्तियां विद्यमान हैं, जिन्हें नियमित राजयोग से जागृत किया जा सकता है। कार्यक्रम में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आरती की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी उपस्थित रहे।

नवरात्र की अष्टमी पर हनुमान मंदिर से दुर्गा मंदिर तक 401 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकली, डीजे पर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर रविवार को विदिशा में करैयाखेड़ा रोड स्थित हनुमान मंदिर से 401 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई।

यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु माता रानी की चुनरी लेकर डीजे पर बज रहे देवी भजनों की धुन पर झूमते-गाते और जयकारे लगाते हुए दुर्गा नगर स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचे। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ यात्रा का समापन हुआ। चुनरी यात्रा करैयाखेड़ा रोड स्थित हनुमान मंदिर से शुरू हुई। हाथों में माता रानी की चुनरी लेकर चल रहे श्रद्धालु पूरे रास्ते भक्ति में लीन नजर आए। यात्रा में महिलाओं और युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे माता रानी के भजनों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते



हुए आगे बढ़े। जगह-जगह माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। इससे पूरे मार्ग पर भक्तिमय माहौल बना रहा। चुनरी यात्रा दुर्गा नगर स्थित दुर्गा मंदिर पहुंची। यहां धार्मिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद यात्रा का समापन हुआ। नवरात्र की अष्टमी पर मां महागौरी की आराधना के विशेष अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की और सुख-समृद्धि की कामना की।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 31 अक्टूबर को

सागर। भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग, सागर द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर को रविन्द्र भवन सभागार में किया जाएगा। युवा उत्सव में इस वर्ष पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित कुल पांच विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समूह लोकनृत्य में केवल हिन्दुस्तानी शैली मान्य होगी। टेप, कैसेट आदि के माध्यम से प्रस्तुति मान्य नहीं की जाएगी। लोकगीत भारतीय गायन पर आधारित तथा क्षेत्रीय भाषा में हो सकते हैं। फिल्मी गीतों का प्रदर्शन मान्य नहीं होगा। युवा उत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी खेल और युवा कल्याण विभाग, खेल परिसर, सागर से आवेदन फार्म प्राप्त कर 24 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीयन के बिना प्रतिभागी युवा उत्सव में भाग नहीं ले सकेंगे। एक प्रतिभागी केवल एक विधा में ही सहभागिता कर सकता है।

शहरी व ग्रामीण इलाके के लोगों के साथ ही किसान हो रहे परेशान

बिजली की बेरुखी, अघोषित बिजली कटौती ने बढ़ाई आमजन की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शहर सहित जिले के ग्रामीण इलाकों में बिजली की कटौती से आमजन और किसान बेहद परेशान हैं। कहीं तीन से चार घंटे तो कहीं पांच घंटे तक बिजली गुल रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसका असर खेती, घरेलू कामकाज, व्यापार पर पड़ रहा है। नवरात्रि महोत्सव एवं दशहरे के त्योहारों के बीच बिजली की आंख-मिचौली से शहरी और ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि बिजली कटौती का समय निश्चित नहीं है। आलम यह है कि खेतों में सिंचाई के लिए अन्नदाताओं बिजली का इंतजार करना पड़ता है। वहीं घरों में भी पानी की व्यवस्था और दूसरे काम प्रभावित होते हैं।

वहीं बिजली कटौती को दरकिनार कर बिजली वितरण कंपनी का दावा है कि शहर सहित जिले में पर्याप्त चौबीस घंटे बिजली दी जा रही है। कंपनी के अधिकारियों एसके पटेल के अनुसार कृषि फीडर पर 10 घंटे, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे रेगुलर बिजली दी जा रही है। इसके अलावा मिक्स



फीडर वाले क्षेत्रों में 10 घंटे और श्री फेज में 14 घंटे बिजली मिल रही है। तहसील और ग्रामीण इलाकों में तो बिजली कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है। बताया जाता है कि गांव क्षेत्रों में तीन से चार घंटे तक बिजली कटौती की जाती है।

बिजली कटौती से कारोबार हो रहे प्रभावित

लोगों का कहना है कि अचानक बिजली बंद होने से सिंचाई और दूसरे जरूरी काम बीच में रुक जाते हैं। जिले में पर्याप्त बारिश नहीं होने से फसलों को बचाने के लिए कई किसान खेतों में सिंचाई कर रहे हैं, लेकिन पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से सिंचाई प्रभावित हो रही है। बिजली आधारित कारोबार पर बिजली कटौती का सीधा असर पड़ रहा है। उनके कारोबार लाइट कटौती की वजह से धंधे पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्वीट व्यापारी हनुमंत राजपुरोहित, टेलीविजन मैकेनिक बबलू पंथी, आइसक्रीम पार्लर संचालक मुकेश सेन बताते हैं कि बार बार बिजली ट्रिपिंग की वजह से मिठाइयां गर्म हो जाती है। साथ ही रेफ्रिजरेटर की आइसक्रीम पिघलने लगती हैं, जिससे उनको नुकसान उठाना पड़ रहा है। शहर सहित जिले के ग्रामीण इलाकों में बिजली की कटौती से आमजन और किसान बेहद परेशान हैं।

इनका कहना है...

कुछ दिन पहले लोड शेडिंग की समस्या थी। इसके कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। हालांकि अब स्थिति नॉर्मल है। जहां जितनी बिजली देना है, उतनी दी जा रही है। कभी-कभी फॉल्ट होने पर सुधार कार्य करने में समय लग जाता है।
नीरज चौरसिया डीई, बिजली कंपनी रायसेन

किसान बोले- फसलों को हो रहा नुकसान

पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से फसलों का काम प्रभावित हो रहा है। फसलों को नुकसान होने की आशंका है। पानी की मोटर बार-बार बंद हो जाती है।
- **शेर सिंह लोधी,** किसान

बिजली कभी आती है तो कभी अचानक चली जाती है। कई बार रात में बिजली मिलने से किसानों को सिंचाई के लिए खेतों में जाना पड़ता है। फसल के लिए निर्धारित बिजली मिलना चाहिए।
- **कैलाश मंजू बंजारा,** किसान

खेती में सिंचाई सबसे जरूरी काम है। लेकिन बिजली कटौती से चिंता बढ़ गई है। बार-बार खेतों में जाना पड़ता है। मोटर और फसल खराब हो सकती है।
- **बैजनाथ यादव,** किसान ग्राम परवरिया

बिजली कटौती के कारण आटा चक्की का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्राहक अनाज पिसवाने आते हैं। लेकिन बिजली नहीं रहने पर उन्हें वापस लौटना पड़ता है। यह समस्या बढ़ रही है।
- **अमीन खान,** आटा चक्की संचालक

सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया

दशहरा, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल समारोह की तैयारियां परखने पहुंचे कलेक्टर-एसपी



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

दशहरा पर्व पर 20 अक्टूबर को निकलने वाले भव्य दुर्गा प्रतिमा झांकी विसर्जन चल समारोह को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को कलेक्टर रोहित सिसोनिया और एसपी आशुतोष गुप्ता दशहरा मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि खत्री , एसडीएम मनीष शर्मा,सहित प्रशासन, पुलिस, नगर पालिका और बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर उपलब्ध सुविधाओं और कार्यक्रम के दौरान जरूरी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

भीड़ प्रबंधन और सुचारु यातायात पर जोर

दशहरा पर शहर में लोगों की भीड़ के साथ वाहनों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। ऐसे में चल समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना और यातायात को सुचारु रखना प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी। निरीक्षण के दौरान नागरिकों की सुविधा और सुरक्षित आवागमन को लेकर संबंधित अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक नायक, एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह माण्डले, एसडीओपी आकांक्षा तलया, थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल और यातायात थाना प्रभारी स्नेहा चंदेल उपस्थित रहे।

हिंदू उत्सव समिति और प्रशासन मिलकर कर रहे तैयारी

चल समारोह को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन, पुलिस और श्री हिंदू उत्सव समिति के बीच समन्वय के साथ तैयारियां की जा रही हैं। नगर पालिका और बिजली विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में भी आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का आकलन किया गया। 20 अक्टूबर को होने वाले दशहरा समारोह को लेकर शहर में तैयारियां जारी हैं।

नगर परिषद व टीम पहल ने किया पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और प्रकृति के संरक्षण के संकल्प के साथ बरेली नगर परिषद एवं क्षेत्र की सामाजिक संस्था 'टीम पहल' द्वारा वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत संस्था के सदस्यों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में फलदार और छायादार पौधे रोपे। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, नगर परिषद पार्षद गण एवं विधायक प्रतिनिधि राजेश साहू, नगर परिषद सीएमओ हरिशंकर वर्मा, एल्डरमैन हिमकर उपाध्याय, फूल सिंह धाकड़, हरिचरण बारीवा, संजय चक्रवर्ती,एवं टीम पहल सामाजिक संस्था के सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण में बढ़-चढ़कर भाग लिया। रोपे गए छायादार और फलदार पौधे-इस वृक्षारोपण अभियान के दौरान नीम, पीपल, बरगद, जामुन और गुलमोहर, आमला, बादाम, जैसे कई औषधीय और छायादार पौधे लगाए गए। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि ये पौधे भविष्य में न केवल राहगीरों को छाया देंगे, बल्कि स्थानीय पर्यावरण और वायु गुणवत्ता को सुधारने में भी मददगार साबित होंगे। कार्यक्रम के दौरान टीम पहल के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों को नियमित रूप से पानी देने और उनकी सुरक्षा (ट्री-गार्ड लगाने) की जिम्मेदारी ली। संस्था के संयोजकों ने अपील की कि हर नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी संतान की तरह परवरिश करनी चाहिए।

डांडिया दिवा और गरबा क्वीन पुरस्कार से प्रतिभागी सम्मानित

गुरुकुल के 11वें गरबा महोत्सव में 2 हजार विद्यार्थियों और मातृशक्ति ने दी प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

गुरुकुल द एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 11वें गरबा महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 2 हजार विद्यार्थियों और मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। महोत्सव के तहत सुबह 10 बजे नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों के लिए गरबा एवं रावण दहन का आयोजन किया गया। वहीं, शाम 6 बजे से कक्षा 4 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए मुख्य गरबा महोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां अंबे की पूजा-अर्चना और विद्यालय की संचालिका सहित शिक्षिकाओं द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

मुख्य गरबा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल की पत्नी सुजाता नरेंद्र शिवाजी पटेल, उनके सुपुत्र अभिज्ञान पटेल तथा जिला अध्यक्ष सीमा चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद श्रीमती सुजाता नरेंद्र शिवाजी पटेल ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को 'डांडिया दिवा' और 'गरबा क्वीन' पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

लोटस समूह (कक्षा 4 से 7) में कक्षा चौथी की जयश्री केवट और कक्षा छठवीं की संस्कृति ठाकुर को पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं, हिबिस्कस समूह (कक्षा 8 से 12) में वेदिका ठाकुर और गरिमा राय को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मातृशक्ति वर्ग में श्रीमती भाग्यश्री चौहान तथा श्रीमती साक्षी भावसार को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

भारतीय संस्कृति और संस्कारों का दिया संदेश

संस्था के संचालक ने कहा कि सनातन संस्कृति, परंपरा और मातृशक्ति की आराधना को समर्पित यह 11वां आयोजन एकता, श्रद्धा और अनुशासन का प्रतीक है। ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, समृद्ध विरासत और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बैठक में नए सदस्य बनने पर चर्चा

निराला समिति सदस्यों ने नर्मदा तट पर चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

शुक्रवार को निराला साहित्य जनकल्याण समिति के सदस्यों द्वारा अलीगंज नर्मदा तट और समीप बने शमशान घाट पर साफ सफाई स्वच्छता अभियान चलाने के साथ नर्मदा स्नान करने वालों से नर्मदा तटों पर पन्नी कचरा ना डालने गंदगी ना करने की अपील की गई। बहुत सिंह धाकड़ के सदाव्रत आश्रम में बैठक भी हुई जिसमें समिति के सदस्यों की संख्या बढ़ाने समाज सेवा धार्मिकता और हिंदी साहित्य प्रेमियों को सदस्य बनने पर विचार किया गया।

मुक्ति धाम विकास पर हुई चर्चा- निराला समिति के साफ सफाई स्वच्छता अभियान में पदाधिकारी सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। बैठक में प्रदेश में राज्य मंत्री क्षेत्र के विधायक नरेंद्र पटेल की पिता श्री शिवाजी पटेल की विशेष उपस्थिति रही। राज्य मंत्री पटेल ने अलीगंज के मुक्तिधाम के विकास कायाकल्प के लिए 20 लाख की राशि देने की घोषणा की है। शिवाजी पटेल ने मुक्तिधाम के कायाकल्प विकास के लिए अलीगंज सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर पटेल सचिव नरसिंह धाकड़ राजेंद्र चौधरी रोजगार सहायक राकेश ठाकुर इत्यादि से विचार विमर्श किया।

हुआ काव्य पाठ

बैठक के दौरान समिति द्वारा किए जा रहे समाज सेवा पर्यावरण संरक्षण के कार्यों पर समिति अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ भगवान दास राठी द्वारा चर्चा की गई। कवी प्रेम नारायण साहू देवी जैन अनूप जैन द्वारा उपस्थित सदस्यों का मनोरंजन करने काव्य पाठ किया गया। कार्यक्रम में शिवाजी पटेल समिति के संरक्षक पत्रकार सुरेश विदुआ की विशेष उपस्थिति रही एवं अन्य सदस्यों पदाधिकारी की उपस्थिति के साथ सभी ने सहभोज कार्यक्रम में भाग लिया।

देवनगर की महाकाली की महाआरती में उमड़ा जनसैलाब



रायसेन/गैरतगंज। जिले के देवनगर बस स्टैंड पर विराजमान महाकाली की महाआरती सप्तमी को संपन्न हुई जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने आरती का आनंद लिया। इस अवसर पर माँ महाकाली को 56 भोग अर्पित किया गया। महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में देवनगर महाकाली समिति के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

रघुकुल फार्म हाउस में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ आयोजन

शस्त्र पूजन कर रघुवंशी समाज ने लिया गौ रक्षा और जनसेवा का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭सिलवानी

शौर्य, त्याग, धर्म और स्वाभिमान की परंपरा को सहेजने के उद्देश्य से अखिल अखंड क्षत्रिय रघुवंशी समाज ने रविवार को भव्य शस्त्र पूजन समारोह आयोजित किया। वैदिक मंत्रोच्चार, भगवा रंग की छटा के बीच समाजजनों ने गौरवशाली इतिहास का स्मरण किया। समारोह में युवाओं ने गौवंश की रक्षाए गौ सम्मान और दीन-दुखियों व जरूरतमंदों की सहायता करने का संकल्प लिया। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे समाज के युवाओं और वरिष्ठजनों ने सहभागिता कर सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान का संदेश दिया।

वैदिक मंत्रों के साथ हुआ शस्त्र पूजन

पंडित अभिषेक शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से शस्त्र पूजन संपन्न कराया। शस्त्रों को शक्ति, आत्मरक्षा, साहस और कर्तव्यबोध का प्रतीक बताते हुए परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया गया। समारोह में युवाओं का भगवा रूमाल पहनाकर और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा और युवाओं में अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति उत्साह दिखाई दिया।

पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

महाअष्टमी पर घर-घर गूंजे कुलदेवी के जयकारे, लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शारदीय नवरात्रि पर्व की महाअष्टमी पर रविवार को शहर सहित जिलेभर में कुलदेवी की पूजा-अर्चना की गई। घर-घर में श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से कुलदेवी भगवती देवी का पूजन कर आरती उतारी और पारंपरिक पकवानों का भोग लगाया। नारियल, मिठाई और अगरबत्ती अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान घरों में भक्ति का माहौल रहा। महाअष्टमी पर कुलदेवी की पूजा का विशेष महत्व होने के कारण कई परिवारों में सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। घरों में पकवान बनाए गए और पूजा की थाली सजाकर कुलदेवी को भोग अर्पित किया गया। परिवार के सदस्यों ने एक साथ बैठकर पूजा-अर्चना की और कुलदेवी के सामने मत्था टेककर परिवार की सुख-शांति और खुशहाली की प्रार्थना की।

जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील कस्बा क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों में भी महाअष्टमी पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए।



खास बात यह रही कि भोपाल, विदिशा, सागर और सीहोर सहित अन्य जिलों में परिवार के साथ रहने वाले कई लोग भी इस अवसर पर अपने पैतृक घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों के साथ कुलदेवी की पूजा में हिस्सा लिया और पारिवारिक परंपराओं का निर्वहन किया। महाअष्टमी पर कुलदेवी की आराधना के साथ घरों में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा।श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार में सुख, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की।

जमुनिया में निकली भव्य चुनरी यात्रा, माता रानी को अर्पित की चुनरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दीवानगंज



नवरात्रि पर्व के अवसर पर सांची विकासखंड के गांवों में आस्था और भक्ति का उत्साह देखने को मिल रहा है। पंचमी से नवमी तक क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में भव्य चुनरी यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में रविवार को ग्राम जमुनिया में नव युवक मित्र मंडली के तत्वावधान में चुनरी यात्रा निकाली गई। वहीं शनिवार को ग्राम बरजोरपुर और बालमपुर में चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने शामिल होकर माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। सोमवार को ग्राम नरखेड़ा में चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। ग्राम जमुनिया में रविवार को चुनरी यात्रा भैरो बाबा मंदिर से प्रारंभ हुई। यहां से यात्रा लाटो वाली बगराजन माता मंदिर, खेड़ापति माता मंदिर और देहरे वाली माताजी के दर्शन करते हुए श्रीराम जानकी खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंची। श्रद्धालु माता रानी की चुनरी लेकर भक्ति भाव के साथ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा को लेकर गांव में उत्साह का माहौल रहा। माता-बहनों सहित क्षेत्र के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा।

बालमपुर में गीदगढ़ गुफा मंदिर पर हुआ समापन

ग्राम बालमपुर में भी चुनरी यात्रा निकाली गई, यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए गीदगढ़ स्थित सिद्ध बाबा गुफा मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा में आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे रास्ते भक्त माता रानी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बरजोरपुर से दीवानगंज गुफा मंदिर तक निकली चुनरी यात्रा

ग्राम बरजोरपुर में श्री बजरंग दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में शनिवार को चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर दीवानगंज के प्राचीन गुफा मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा में नौ कन्याएं कलश लेकर नंगे पैर शामिल हुईं। वहीं अन्य श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते और माता रानी के जयकारे लगाते हुए गुफा मंदिर तक पहुंचे।